**ST. MARGARET SR. SEC. SCHOOL**

**MID TERM EXAMINATION 2023-24**

**प्रतिदर्श प्रश्नपत्र हिंदी (085)**

**कक्षा IX**

**समय**: 3 **घंटे** **अंक : 80**

**सामान्य निर्देश-**

- इस प्रश्नपत्र में दो खंड हैं- खंड 'अ' तथा खंड 'ब' ।
- खंड 'अ' में उपप्रश्नों सहित 45 वस्तुपरक प्रश्न पूछे गए हैं | दिए गए निर्देशों का पालन करते हुए कुल 40 प्रश्नों के उत्तर दीजिए |
- खंड 'ब' में वर्णनात्मक प्रश्न पूछे गए हैं, आंतरिक विकल्प भी दिए गए हैं |
- निर्देशों को बहुत सावधानी से पढ़िए और उनका पालन करिए |
- दोनों खंडों के कुल 18 प्रश्न हैं | दोनों खंडों के प्रश्नों के उत्तर देना अनिवार्य हैं |
- यथासंभव दोनों खंडों के प्रश्नों के उत्तर क्रमश: लिखिए |

**खंड 'अ' वस्तुपरक प्रश्न** **अंक : 40**

**1. निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर इसके आधार पर सर्वाधिक उपयुक्त उत्तर वाले विकल्प चुनकर लिखिए-1x5=5**

यह युग एक प्रकार से पैसे का युग है। चारों ओर धन की ही पुकार मची हुई है। फिर भी किसी गरीब लेखक तथा विद्वान व्यक्ति का करोड़पति से अधिक आदर होता है। धन हमेशा ही बुरी आदतों को प्रोत्साहित करता है। धन लोलुप व्यक्ति की सफलता हजारों को दुख और विषाद में डाल सकती है। बुद्धि की दुनिया में सफलता से समाज की उन्नति में सहायता मिलती है | धनी धन के घमंड में अपना चरित्र खो बैठता है और धनहीन उसे ही अपना सब कुछ समझ कर अपनाता है। चरित्रवान पुरुष चरित्र को ईश्वर का एक आदेश मानता है और धन संचय या लाभ-हानि की चिंता किए बिना निस्वार्थ भाव से अपने कार्य करता है। संसार में विजय पाने के लिए चरित्र बड़ा मूल्यवान शासन होता है। चरित्र के मार्ग पर चलने वाला आदमी सच्चे अर्थों में महान होता है। संसार में जिसका देवता सुवर्ण होता है उसका हृदय प्राय: पत्थर का हो जाता है। उसे दूसरे के आँसू पोंछने में विश्वास नहीं होता। वह दूसरों को मिटाकर बनता है दूसरों के घर गिरा कर अपना घर बनाता है उसकी नस-नस में लोभ भरा होता है। संसार में ऐसे व्यक्तियों की आवश्यकता है जो स्वार्थ के लिए नहीं परमार्थ के लिए जीवित रहते हैं। जो धन के लिए स्वाभिमान नहीं बेचते। जिसकी अंतरात्मा एक दिशा सूचक यंत्र की सुई के समान एक शुभ नक्षत्र की ओर ही देखा करती है। जो अपने समय, शक्ति और जीवन को दूसरों के लिए, देश, जाति और समाज के लिए अर्पित कर देते हैं ऐसे ही व्यक्तियों का चरित्र महान होता है।

(1) संसार में विजय पाने के लिए बड़ा मूल्यवान साधन क्या होता है ?

(क) चरित्र (ख) लोभ (ग) स्वार्थ (घ) दुख

(2) संसार में जिसका देवता सुवर्ण होता है वह व्यक्ति

(क) दूसरों का हित चाहता है (ख) धन को ईश्वर मानता है

(ग) लाभ-हानि की चिंता नहीं करता (घ) दूसरों के आँसू पोंछता है

(3) चरित्रवान पुरुष के अनुसार चरित्र होता है

(क) ईश्वर का आदेश (ख) दुख का कारण (ग) लोभ का कारण (घ) अनादर का कारण

(4) आज के युग को पैसे का युग कहा गया है क्योंकि

(क) सभी परमार्थ कर रहे हैं। (ख) चारों ओर धन की पुकार है।

(ग) चारों ओर धन जुटाने के अवसर अधिक हैं। (घ) सभी चरित्रवान है।

(5) गद्यांश का उपयुक्त शीर्षक होगा

(क) सच्चरित्र (ख) लाभ हानि (ग) निस्वार्थ जीवन (घ) पैसे का युग

**2. निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर इसके आधार पर सर्वाधिक उपयुक्त उत्तर वाले विकल्प चुनकर लिखिए- 1x5=5**

. हम जीवन को जी तो लेते हैं लेकिन अक्सर उनके महत्व के बारे में जीवन भर नहीं जान पाते। हम अपनी साँस को भी सचेत होकर नहीं जी पाते हैं। एक बार एक कबूतर पेड़ की डाली पर बैठकर मनमोहक मौसम का आनंद ले रहा था। नीचे एक बिल्ली कबूतर को अपना भोजन बनाने की ताक में बैठी थी। अचानक तेज हवा चली और कच्ची डाली लचक कर टूट गई। बिल्ली झपटी, लेकिन उसके मुँह पर पत्ते और लकड़ियाँ ही गिरी। दरअसल कबूतर तो उड़ान भर चुका था। बिल्ली को खाली हाथ लौटना पड़ा। यही सतर्कता है जो जीवन को सुरक्षित करती है। किसी दार्शनिक ने कहा है कि हम सबका जीवन एक सुंदर अवसर है । जिसे संवाद कौशल, सामंजस्य, सामाजिकता आदि गुणों से यादगार बनाया जा सकता है। यह संसार हमारे मन और कर्म को पसंद करता है | मगर इसका अर्थ सबकी सुन लेना और हर समय समझौता करना नहीं, अपितु तो आत्मा की आवाज सुनना है। हम दूसरों की बात सुनकर उग्र न हो जाए। उग्र होने पर हम स्वयं की आवाज को अनसुना कर सकते हैं। जीवन को धन्य भाव से लेना भी एक साहस पूर्ण कदम है। ऐसा करने से जीवन में कोई भी पीड़ा देने वाला पल घाव नहीं दे सकता है।

(1) हम अक्सर जीवन के बारे में क्या नहीं जान पाते हैं?

(क) जीवन का महत्व (ख) जीवन जीना (ग) जीवन की सुंदरता (घ) मौन कर्म

(2) जीवन को किस गुणों से यादगार बनाया जा सकता है

(क) नकारात्मकता से (ख) आत्मा की आवाज सुनने से

(ग) हर समय समझौता करके (घ) संवाद कौशल, सामंजस्य और सामाजिकता से

( 3) बिल्ली को खाली हाथ लौटना पड़ा क्योंकि

(क) कबूतर ऊँची डाली पर बैठा था। (ख) बिल्ली सतर्क नहीं थी।

(ग) कबूतर उड़ान भर चुका था। (घ) बिल्ली ने छलांग नहीं मारी।

(4) सकारात्मक रहकर जीवन को सुखमय बनाने से अभिप्राय है

(क) सबकी सुन लेना (ख) हर समय समझौता करना

(ग) आत्मा की आवाज सुनना (घ) व्यर्थ में कोलाहल करना

(5) गद्यांश का उपयुक्त शीर्षक होगा

(क) जीवन (ख) आत्मा की आवाज (ग) जीवन सुरक्षा (घ) जीवन का महत्त्व

**प्रश्न 3 निम्नलिखित में से किन्हीं चार प्रश्नों के सही उत्तर विकल्प में से छाँटकर लिखिए- (1×4=4)**

(क) 'रोहन को किताब पढ़नी थी |' - वाक्य में 'किताब' क्या है ?

अ - शब्द। ब- पद स- दोनों द- वर्ण

(ख) स्वतंत्र एवं सार्थक वर्णों का समूह है-जो वाक्य में प्रयोग होने पर ....... बन जाता है।

अ- शब्द ब- पद स- समास द- संधि

(ग) किसमें अनुस्वार का प्रयोग हुआ है ?

अ- माँजना ब- डाक्टर स- अन्न द- संवाद

(घ) अनुनासिक के प्रयोग वाला शब्द है-

अ- फाँसी ब- सांस स- कुण्डल द- कंटक

(ड) अनुनासिक के सही प्रयोग वाला शब्द है-

अ- कगंन　　　　ब- चद्रमाँ　　　　स- महगां　　　　द- ऊँचाई

**प्रश्न 4 निम्नलिखित में से किन्हीं चार प्रश्नों के सही विकल्प छाँटकर लिखिए- (1×4=4)**

(क) अनमोल’ शब्द में उपसर्ग है-

अ- आन　　　　ब- अन　　　　स- अनु　　　　द- ता

(ख) ‘परा’ उपसर्ग से बना उचित शब्द है-

अ- प्राण　　　　ब- पर्याय　　　　स- प्रसंग　　　　द- पराक्रम

(ग) ‘संस्कार’ शब्द में उपसर्ग है-

अ- संचय　　　　ब- सम्　　　　स- सर　　　　द- सक

(घ) ‘औती’ प्रत्यय का प्रयोग किस शब्द में हुआ है ?

अ- रंगीन　　　　ब- शौक　　　　स-फिरौती　　　　द- कसौली

(ड़) ‘राष्ट्रीय’ शब्द में मूल शब्द है ?

अ- ट्रीय　　　　ब- राष्ट्र　　　　स- रा　　　　द-ईय

**प्रश्न 5 निम्नलिखित में से किन्हीं तीन प्रश्नों के सही विकल्प छाँटकर लिखिए- (1×3=3)**

(क) ‘सारांश’ का उचित संधि विच्छेद है-

अ- सार+अंश　　　　ब- सारा+अंश　　　　स- सारां+श　　　　द- सारा+श

(ख) निम्नलिखित में से दीर्घ संधि का उदाहरण है-

अ- सदैव　　　　ब- रजनीश　　　　स- देवर्षि　　　　द- गणेश

(ग) ‘मुनीश्वर’ का उचित संधि विच्छेद है-

अ- मुनी + इस्वर　　　　ब- मुनि + ईश्वार　　　　स- मुनि + ईश्वर　　　　द- मुनी + ईश्वर

(घ) 'वार्ता + आलाप' की संधि है-

अ- वार्ताल्प ब- वर्तालाप स- वार्तलाप द- वार्तालाप

**प्रश्न 6 निम्नलिखित में से किन्हीं तीन प्रश्नों के सही विकल्प छाँटकर लिखिए- (1×3=3)**

(क) 'देश-विदेश' में किस विराम चिह्न का प्रयोग हुआ है ?

अ-विवरण चिह्न ब-योजक चिह्न स-निर्देशक चिह्न द- लाघव चिह्न

(ख) अर्ध विराम चिह्न कौन-सा है ?

अ- "……." ब :- स- ! द- ;

(ग) विराम-चिह्नों के सही प्रयोग वाला वाक्य चुनकर लिखिए-

अ- वाह ! यह तो कमाल हो गया | ब- सारा-सारा दिन खेलकर थकते नहीं हो ?

स- बाहर से दो-तीन कुर्सियाँ-मेजें; उठा लाओ। द- अरे ! अब तक कहाँ थे ;

(घ) निम्नलिखित वाक्य में किन-किन विराम-चिह्नों का प्रयोग हुआ है?

मित्र ! एक अच्छा दिन बिताने के लिए बहुत-बहुत धन्यवाद ।

अ- विस्मयवाचक, योजक एवं पूर्णविराम ब- विस्मयवाचक, अल्प एवं पूर्ण विराम

स- उपविराम, योजक एवं पूर्ण विराम द- हंसपद, योजक एवं पूर्ण विराम

**प्रश्न 7 निम्नलिखित में से किन्हीं दो प्रश्नों के सही विकल्प छाँटकर लिखिए- (1×2=2)**

(क) निम्नलिखित में से कौन-सा वाक्य 'आज्ञावाचक' है?

अ- अपनी पुस्तक मत निकालो। ब- अंदर आ जाओ और बैठो ।

स- यदि वर्षा हुई तो हम भीग जाएँगे। द- सारे बच्चे मन लगाकर पढ़ रहे हैं।

(ख) निम्नलिखित में से 'निषेधात्मक' या 'नकारात्मक' वाक्य चुनकर लिखिए-

अ- सब बाहर निकल जाएँ। ब- क्या मैं अंदर आ सकता हूँ ?

स- आज बारिश नहीं होगी। द- मैं आज विद्यालय जाऊँगा।

(ग) निम्नलिखित में से कौन-सा वाक्य विधानवाचक है ?

अ- तालाब में हंस तैर रहे हैं।  ब- यदि तुम आओगे, तभी मैं चलूँगा।

स- लगता है, सब सो गए हैं।  द- वह पढ़ नहीं रहा होगा।

**8. निम्नलिखित पठित दोहों को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर के लिए सही विकल्प का चयन कीजिए-1x5=5**

रहिमन धागा प्रेम का, मत तोड़ो चटकाय |
टूटे से फिर ना मिले, मिले गाँठ पड़ जाए ||
रहिमन निज मन की बिथा, मन ही राखो गोय |
सुनि अठीलैहैं लोग सब, बाँटी न लैहैं कोय ||

(1) कवि रहीम प्रेम के धागे को कैसे तोड़ने से मना करते हैं ?
क- चटकाकर  ख-तोड़कर  ग- खींच कर  घ- जोर से

(2) धागे के टूटने पर क्या होता है ?
क- यह मिलता नहीं  ख- मिलने पर गाँठ पड़ जाती है  ग- क और ख दोनों  घ- कोई नहीं

(3) अपने मन की बिथा को कहाँ रखना चाहिए ?
क- दूसरों को बताकर  ख- मन में छिपाकर  ग- तिजोरी में  घ- मंदिर में

(4) लोगों पर तुम्हारी बिथा की क्या प्रतिक्रिया होती हैं ?
क- वे सुनते हैं  ख- हँसते हैं  ग- बाँटते नहीं  घ- ये सभी बातें

(5) कवि रहीम की भाषा कौन-सी है ?
क- अवधी  ख- ब्रज  ग- अवधी और ब्रज  घ- भोजपुरी

**9. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर देने के लिए सही विकल्प का चयन कीजिए : 1x2=2**

1) कविवर रैदास जी ने स्वयं को पानी तो ईश्वर को_______कहा है |

अ- चंदन  ब- मोर  स- स्वामी  द- मोती

2) रहीम के अनुसार हिरन किस पर रीझ कर अपनी जान दे देता है ?

अ- संगीत की आवाज़ पर  ब- शिकारी की आवाज़ पर  स- मोरों की आवाज़ पर  द- इनमें से कोई नहीं

**10. निम्नलिखित पठित गद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर के लिए सही विकल्प का चयन कीजिए-1x5=5**

अंगदोरजी बिना ऑक्सीजन के ही चढ़ाई करने वाला था | लेकिन इसके कारण उसके पैर ठंडे पड़ जाते थे इसलिए वह ऊंचाई पर लंबे समय तक खुले में और रात्रि में शिखर कैंप पर नहीं जाना चाहता था | इसलिए उसे यह तो उसी दिन चोटी पर चढ़कर साउथ कोल पर वापस आ जाना था अथवा अपने प्रयास को छोड़ देना था | वह तुरंत शुरू करना चाहता

था...... और उसने मुझसे पूछा, क्या मैं उसके साथ जाना चाहूंगी ? एक ही दिन में साउथ कोल से चोटी पर जाना और वापस आना बहुत कठिन और श्रमसाध्य होगा ! इसके अलावा यदि अंगदोरजी के पैर ठंडे पड़ गए तो उसके लौटकर आने का भी जोखिम था | मुझे फिर भी अंगदोरजी पर विश्वास था और साथ-साथ मैं आरोहण की क्षमता और कर्मठता के बारे में भी आश्वस्त थी |

(1) अंगदोरजी क्या करना चाहते थे ?

(क) बिना ऑक्सीजन के चढ़ाई करना (ख) अपने पैरों को ठंड से बचाना

(ग) शिखर कैंप में जाना (घ) ये सभी

(2) अंगदोरजी क्या करना था ?

(क) उसी दिन चोटी पर चढ़ना था (ख) साउथ कोल वापस आना

(ग) अपना प्रयास छोड़ देना (घ) सभी विकल्प सही है

(3) एक ही दिन साउथ कोल से चोटी पर आना-जाना कैसा था ?

(क) बहुत कठिन (ख) श्रमसाध्य काम (ग) क और ख दोनों (घ) आसान

(4) लेखिका को किस बात पर विश्वास था ?

(क) आरोहण क्षमता पर (ख) अपनी कर्मठता पर (ग) अंगदोरजी पर (घ) क और ख दोनों

(5) 'साउथ कोल' क्या था ?

(क) यह चौथा कैंप था (ख) यह 7900 मीटर की ऊँचाई पर लगाया गया था

(ग) क, ख दोनों (घ) यहाँ सामान जमा था

**11. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर देने के लिए सही विकल्प का चयन कीजिए : 1x2=2**

1) पाठ 'दुख का अधिकार' के आधार पर बताइए कि पुत्र वियोग में निर्धन महिला ने क्या किया ?

अ- बाज़ार खरबूजे बेचने गई ब- आँखों से आँसू नहीं रुकते थे

स- सबको इकट्ठा किया द- उपर्युक्त सभी विकल्प सही हैं

2) लेखक के लिए अतिथि के सत्कार का आखिरी छोर क्या था ?

अ- विदाई देना ब- लंच करवाना स- रात्रि को सिनेमा दिखाना द- पकवान खाने को कहना

## खंड 'ब' वर्णनात्मक प्रश्न अंक 40

**12. संचयन पुस्तक के निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर 60 शब्दों में लिखिए : 3x2=6**

(क) पाठ 'स्मृति' के आधार पर बताए कि लेखक का साँप के साथ सामना होने पर क्या प्रतिक्रिया हुई होगी ?

(ख) लेखिका के सभी जीव जंतुओं में गिल्लू एक अपवाद क्यों था ? विस्तार से लिखिए |

(ग) सोनजुही में लगी पीली कली को देखकर लेखिका के मन में कौन-से विचार उमड़ने लगे ? क्या आपके मन में भी फूल-पत्तियों को देखकर मन उमड़ते है ?

**13. निम्नलिखित पठित कविताओं के तीन प्रश्नों में से किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर 60 शब्दों में लिखिए : 3x2=6**

(क) कवि रैदास ने ईश्वर के प्रति अपने समर्पित भावों को कैसे प्रकट किया है ?

(ख) कवि रहीम के अनुसार मनुष्य को एक ही लक्ष्य क्यों साधना चाहिए ? इस कथन पर अपने विचार विस्तारपूर्वक लिखिए |

(ग) कवि रैदास जी ने दूसरे पद में 'ऐसी लाल तुझ बिनु कउनु करै' कहकर प्रभु की कृपालता का वर्णन किस प्रकार किया है ?

**14. निम्नलिखित पठित पाठों के तीन प्रश्नों में से किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर 60 शब्दों में लिखिए : 3x2=6**

(क) लेखिका बचेंद्री पाल के जीवन चरित्र पर अपने शब्दों में प्रकाश डालिए |

(ख) 'तुम कब जाओगे, अतिथि' पाठ में लेखक ने किस समस्या से अवगत कराया है ?

(ग) कहानी 'दुःख का अधिकार' का शीर्षक बिलकुल सही है | कैसे ?

**15. निम्नलिखित विषयों में से किसी एक विषय पर संकेत बिंदुओं की सहायता से लगभग 100 शब्दों में अनुच्छेद लिखिए : 6×1=6**

(क) आधुनिक नारी की दोहरी भूमिका

- दोहरे दायित्व को निभाना, स्वावलंबन, पुरुष का सहयोग आवश्यक

(ख) ग्लोबल वार्मिंग का बढ़ता खतरा

- दुष्प्रभाव, मानवीय हस्तक्षेप का प्रभाव, बचाव हेतु सुझाव

(ग) परिश्रम सफलता की कुंजी है

- परिश्रम का महत्त्व , समय अनुसार बुद्धि का सदुपयोग, परिश्रम और बुद्धि का तालमेल

**16.** दिल्ली के ऐतिहासिक स्थलों का भ्रमण करने की योजना बनाते हुए अपने ममेरे भाई को अपने साथ चलने का अनुग्रह करते हुए उसको पत्र लिखिए। **6×1=6**

**अथवा**

अपने चाचाजी को धन्यवाद देते हुए एक पत्र लिखिए कि उनकी दी हुई स्मार्ट घड़ी कैसे आपको लाभ दे रही है ?

**17.** वृंदावन में कृष्ण महोत्सव के अवसर पर बढ़ती भीड़ के कारण हुई असुविधा को लेकर दो भक्तों का आपसी संवाद लगभग 80 शब्दों में लिखिए।

**अथवा** **5x1=5**

खादय पदार्थों में बढ़ती मिलावट को लेकर चिंतित दो ग्राहकों के मध्य हुई बातचीत को लगभग 80 शब्दों में संवाद रूप में लिखिए ।

**18. निम्नलिखित चित्र का अपनी कल्पनाशक्ति से लगभग 100 शब्दों में वर्णन कीजिए : 5×1=5**

